तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 24 जून 2025

10 लिंग जांच-अवैध रूप से एमटीपी किट बेचने.....



10 शिविर में 918 यूनिट का रक्त एकत्रित



## खबर संक्षेप

### फिलिंग स्टेशन से साढ़े 98 हजार की नकदी चोरी

**जींद।** गांव मोहनगढ़ छापड़ा फिलिंग स्टेशन से बीती रात चोरों ने लगभग साढ़े 98 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। चोर फिलिंग स्टेशन के निकट बाइक को छोड़ गए। उचाना थाना पुलिस ने फिलिंग स्टेशन मैनेजर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। घोघडिय़ा निवासी मनदीप ने पुलिस को शिकायत दी है।

### माघो माजरी में प्रशासन का रात्रि ठहराव 26 को

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा गांव माघो माजरी में 26 जून को रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस रात्रि ठहराव में डीसी प्रीति व एसपी आस्था मोदी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा।

### हत्या के गवाह को धमकाने पर केस

**जींद।** गांव गुरथली में हत्या के मामले में गवाह को धमकाने तथा समझौते के लिए दबाव बनाने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव गुरथली निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 दिसंबर 2022 को उसके भाई राकेश हत्या कर दी थी। जिसका मामला अदालत में विचाराधीन है।

### ट्रैक्टर पर बंदूक से फायर के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** ट्रैक्टर पर बंदूक से फायर करने के मामले का जांच थाना पुंडरी पुलिस के एसआई रामबीर सिंह की टीम द्वारा करते हजवाना निवासी करतार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव हजवाना निवासी बहादुर सिंह की शिकायत अनुसार उसने खेत में जिरी लगाने के लिए पानी दिया हुआ था जिरी के खेत से ट्रैक्टर निकालते समय साझी गमी में पानी चला गया।

### मदरसे से दो सगे भाई लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** सफीदों मदरसे से दो सगे भाइयों के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राजीव कालोनी निवासी अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की पानीपत निवासी दो जुनायल सगे भाई वर्ष 2022 से मदरसे मे शिक्षा ग्रहण कर रहे थे।

### दुकान से लाखों का सामान चुराया

**कैथल।** कैथल के गांव धनोरी से कर एक दुकान का ताला तोड़ते हुए उसमें रखे 150000 रुपए की राशि चुरा कर ले गए। गांव धनोरी के ज्ञानी राम ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 जून को वह अपनी दुकान को ठीक-ठाक बंद करके आया था जब 16 जून को वह गया तो उसने देखा की दुकान का शटर टूटा हुआ था तथा सामान बिखरा पड़ा था।

### रोडवेज बस और बाइक की टक्कर, युवक गंभीर

**जींद।** गोहाना रोड पर सोमवार को रोडवेज बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक सड़क पर गिरा और बेहोश हो गया। आसपास से गुजर रहे वाहन चालकों ने अपने वाहन तो रोके लेकिन किसी ने भी घायल को उठाने की जहमत नहीं उठाई।

### महिला का अपहरण करने के आरोप में केस

**कैथल।** सदर पुलिस कैथल ने एक महिला का अपहरण करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में सदर पुलिस थाना के तहत आने वाले गांव की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि मोहित एडवोकेट 19 जून को उसकी 23 वर्षीय बेटी का अपहरण कर ले गया।

# पूंडरी नगरपालिका को मिला नया वाइस चेयरमैन निर्विरोध चुने वार्ड नंबर तीन के पार्षद रामप्रसाद

*नवनियुक्त उपाध्यक्ष ने विधायक सतपाल जांबा का जताया आभार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी नगरपालिका में आज लोकतंत्र और सहमति की एक शानदार मिसाल पेश की गई, जब वार्ड नंबर 3 के पार्षद रामप्रसाद को सर्वसम्मति से नगरपालिका के वाइस चेयरमैन (उपाध्यक्ष) के रूप में चुना गया। यह निर्णय बिना किसी विरोध के लिया गया, जो स्थानीय राजनीति में एक सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। यह चुनाव उस समय और अधिक ऐतिहासिक बन गया जब इसकी प्रक्रिया में पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा स्वयं उपस्थित रहे। चुनावी प्रक्रिया एस.डी.एम. अजय सिंह की देखरेख में पूरी पारदर्शिता और गरिमा के साथ सम्पन्न हुई।

**हमारी राजनीति का उद्देश्य केवल जनसेवा: जांबा**

मौके पर राकेश गोस्वामी, मुलतान गोलन, सचिव नरेश कुमार, लाभ सिंह जांबा सरपंच, निधि मोहन, अमित सैनी, ईशम सिंह भुक्कल, संजीव कत्याल, मनु वालिया, एडवोकेट राजीव गोस्वामी सहित अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा ने कहा हमारी राजनीति का उद्देश्य केवल पद या सत्ता नहीं, बल्कि जनसेवा है। पूंडरी की धरती पर मैं ऐसी राजनीति चाहता हूं जो न जात-पात देखे, न पक्ष-विपक्ष, केवल और केवल जनता की भलाई और विकास को प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि जो समन्वय आज वाइस चेयरमैन के चुनाव में देखने को मिला है, वही भावना यदि हर निर्णय में बनी रही तो पूंडरी नगर निश्चित ही हर क्षेत्र में उदाहरण बनेगा। नवनियुक्त उपाध्यक्ष रामप्रसाद ने अपने संबोधन में विधायक सतपाल जांबा का तहदिल से आभार प्रकट करते कहा कि मैं विधायक जी द्वारा दिखाए गए विश्वास के लिए कृतज्ञ हूं। यह पद मेरे लिए सेवा का माध्यम है, और मैं संकल्प लेता हूं कि नगर के विकास और जनकल्याण के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा।

**केवल विकास-जनकल्याण लक्ष्य: रामप्रसाद**



पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा, चेयरपर्सन बब्बी गोस्वामी व अन्य पार्षदों के साथ नवनियुक्त वाईस चेयरमैन रामप्रसाद।

### भाजपा के सात पार्षद, फिर भी निर्दलीय को वाइस चेयरमैन बनाकर विधायक ने चौंकाया

पूंडरी नपा के वाइस चेयरमैन चुनाव में उस समय सबको हैरानी हुई जब भाजपा के 7 पार्षदों के होते हुए भी विधायक सतपाल जांबा ने निर्दलीय पार्षद रामप्रसाद (वार्ड 3) को वाइस चेयरमैन बना दिया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नपा चुनावों के दौरान रोड समुदाय ने विधायक जांबा के खिलाफ रुख अपनाया था। यह बात स्वयं विधायक को भली-भांति ज्ञात थी। ऐसे में रामप्रसाद को वाइस चेयरमैन बनाकर बड़ा 'पॉलिटिकल मैसेज' देने की कोशिश की है कि विधायक अब उन वर्गों को साथ लेना चाहते हैं जो पहले विरोध में थे। इन दोनों सदस्यों ने भी सभी पार्षदों का धन्यवाद करते हुए भरोसा दिलाया कि वे नगरपालिका के वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता, ईमानदारी और विकास को प्राथमिकता देंगे।

## जींद में कोरोना संक्रमितों को आंकड़ा पहुंचा पांच

# पांच कोरोना सैंपल में स्वास्थ्य विभाग को चार पॉजिटिव मिले

**सभी को किया होम आईसोलेट, टीम रखेगी निगरानी**

नागरिक अस्पताल में बुखार की जांच के लिए आए पांचों में लक्षण थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद में कोरोना संक्रमण धीरे-धीरे पांव पसार रहा है। सोमवार को हुए पांच कोरोना सैंपल में स्वास्थ्य विभाग को चार लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सुभाष नगर की रहने वाली एक महिला कोरोना संक्रमित मिली थी। अब चार पुरूष संक्रमित मिलने से कोरोना संक्रमितों की संख्या पांच हो गई। फिलहाल कोरोना से संक्रमतों को घर पर ही आइसोलेट कर दिया गया है और स्वास्थ्य विभाग इन लोगों पर विशेष निगरानी रखे हुए है। बाकायदा इनकी ट्रैवल हिस्ट्री की जानकारी भी जुटाई जा रही है। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला को कोरोना के संदिग्ध लक्षण मिले थे तो उसका कोरोना का टेस्ट किया गया। इसमें महिला कोरोना संक्रमित मिली थी। इसके बाद सोमवार को नागरिक अस्पताल में बुखार की जांच के लिए आए पांच मरीजों में कोरोना के लक्षण दिखाई दिए। इनकी जांच की गई तो इनमें से चार लोग कोरोना से संक्रमित मिले। जिस पर सभी को तुरंत प्रभाव से होम आईसोलेट स्वास्थ्य विभाग द्वारा करवा दिया गया है। बाकायदा स्वास्थ्य की जांच टीम इनकी निगरानी रखेंगे। अगर ज्यादा परेशानी हुई तो अस्पताल में बनाए गए कोरोना वार्ड में इने भर्ती कर लिया जाएगा। फिलहाल नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में बनाए गए कोरोना के स्पेशल वार्ड में एक भी मरीज भर्ती नही है। कोरोना से संक्रमित मिले सभी पीड़ितों का स्वास्थ्य स्तर भी बेहतर है। जिले में कोरोना के मामलों को बढ़ता देख स्वास्थ्य विभाग ने बीमारी से निपटने के लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। अस्पताल में लगाई गई है स्पेशल डयूटी: नागरिक अस्पताल में कोरोना की जांच को लेकर एक माह पहले ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई थी। इसमें अस्पताल में अलग से वार्ड, कोरोना जांच किट व आक्सीजन सिलिंडर पर्याप्त मात्रा में हैं। इसके अलावा इन मरीजों के लिए दवाइयों का स्टॉक भी पहले से ही रिजर्व किया गया था। वहीं विभाग को 4 जून को कोरोना की 400 टेस्टिंग किट मिली थी। विभाग द्वारा केवल उन्हीं मरीजों के कोरोना के सैंपल लिए जा रहे हैं, जिनमें कोरोना से संबंधित लक्षण दिखाई देते हैं। अगरए कोई व्यक्ति सीधे तौर पर टेस्ट करवाने के लिए आता हैए तो फिलहाल उसका टेस्ट नहीं किया जा रहा।



जींद। नागरिक अस्पताल में बनाया गया कोरोना का स्पेशल वार्ड।

**कोविड-19 मरीजों के लिए 10 बेड रिजर्व**

*सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि सोमवार को कोरोना संक्रमण के चार नए मामले सामने आए हैं। इनको होम आईसोलेट किया गया है। जहां पर चिकित्सक नजर बनाए रखेंगे। कोरोना को लेकर हर किसी को सतर्क होने की जरूरत है। कोविड नियमों की पालना हर कोई करे। अस्पताल में आने वाले संदिग्ध मरीजों की कोरोना की जांच की जा रही है।*

# रिफाइंड ऑयल व तैयार किए देशी घी के सैंपल लेकर लैबोरेटरी भेजे

- सीएम फ्लाइंग ने देशी घी फैक्टरी पर की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग ने पिल्लूखेड़ा के धडौली रोड पर सोमवार को तायल ट्रेडिंग कंपनी पर छापेमारी की। छापेमारी टीम ने यहां से रिफाइंड ऑयल व तैयार किए गए देशी घी के सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेजे हैं। जांच रिपोर्ट आने पर खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि पिल्लूखेड़ा के धडौली रोड पर स्थित तायल ट्रेडिंग कंपनी में देशी घी व रिफाइंड तैयार किया जाता है। जिस पर सीएम फ्लाइंग ने एसआई बिजेंद्र व एसआई सतपाल के नेतृत्व में दस्तक दी। टीम के साथ खाद्य एवं सुरक्षा विभाग से डा. योगेश कादियान भी मौजूद रहे। हालांकि फैक्टरी संचालक द्वारा सर्टिफिकेट दिखा दिया गया। टीम द्वारा घी व रिफाइंड के सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेज दिया है। यहां रिफाइंड ऑयल पैकिंग व खुला 50 लीटर पाया गया जबकि देशी घी 70 लीटर जो तैयार था पाया गया। सैंपल रिपोर्ट आने पर खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा आगामी कार्रवाई की जाएगी। सीएम फ्लाइंग के एसआई बिजेंद्र ने बताया कि रिफाइंड ऑयल व देशी घी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।

**जांच करते टीम**



## गांव अंबरसर में करंट लगने से युवक की मौत

- बिजली मिस्त्री के कहने पर खेत में फॉल्ट को ठीक करने पहुचा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अंबरसर खेत में बिजली लाइन का फॉल्ट ठीक करने गए युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि बिजली मिस्त्री, खेत मालिक तथा बिजली निगम की लापरवाही के कारण उसके बेटे की मौत हुई है। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर दो लोगों को नामजद कर बिजली निगम के कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बरवाला निवासी गुगन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटा सचिन (21) गांव उझाना निवासी जयभगवान के पास बिजली का काम सीख रहा था। बिजली मिस्त्री जयभगवान ने गांव अंबरसर निवासी विरेंद्र के खेत में बिजली फाल्ट को ठीक करने के लिए भेजा था। बिजली लाइन पर काम करते समय करंट लगने सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गंभीर हालात में नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान सचिन की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर गढ़ी थाना मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।



जींद। शिव मंदिर उचाना कलां को जाने वाले रास्ते में भरा पानी। *फोटो :हरिभूमि*

**सीवरेज के गंदे पानी से श्रद्धालु दु:खी**

**जींद।** उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर को जाने वाले रास्ते में भरा सीवरेज का गंदा पानी राहगीरों के साथ-साथ मंदिर में आने.जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। सोमवार को मंदिर में श्रद्धालु ज्यादा संख्या में जाते हैं। क्योंकि सोमवार का दिन भगवान शिव का दिन होता है। यहां पर सीवरेज बार-बार जाम होने के चलते पानी गली में भर जाता है। यहां रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गली का लेबल भी सड़क से नीचा होने के चलते यहां जलभराव बिना बारिश के रहता है। जो सीवरेज है वो जाम होने के चलते गंदा पानी रास्ते में भर रहता है। यहां से शहर के की तरफ लोग आते-जाते हैं तो जो डीएड सेंटर है उसमें भी विद्यार्थी इस रास्ते से आते.जाते है। रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्री को भी परेशानी होती है क्योंकि इस रास्ते से ही यात्री रेलवे स्टेशन पर आते.जाते है। श्रद्धालुओं ने कहा कि कई साल से गंदा पानी भरने की समस्या है। मंदिर, रेलवे स्टेशन को जाने वाला मेन रास्ता है। स्कूल भी है यहां बच्चे आते-जाते है तो परेशानी होती है। सफाई करने के बाद फिर से पानी भर जाता है।

## देवरड़ में तालाब की जगह होता था कब्रिस्तान

- ग्रामीणों से बात करने पर खुलासा दोबारा होगा खुदाई का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना खंड के तहत आने वाले गांव देवरड़ में के तालाब की खुदाई के दौरान मिले कंकाल के मामले में एक नया मोड़ आया है। कंकाल मिलने पर प्रशासन ने ग्रामीणों से बात की तो ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के समय तालाब की जगह कब्रिस्तान होता था। जहां पर मुर्दा लोगों को दफनाया जाता था। प्रशासन ने कोई भी जांच करने से मना कर दिया है। आज फिर से गांव के तालाब की खुदाई का काम शुरू किया जाएगा। ये था मामला: देवरड़ में मनरेगा के तहत तालाब की खुदाई का कार्य चल रहा था। मजदूरों को खुदाई के दौरान अचानक कुछ मटके दिखाई दिए। जब उन्हें और गहराई में खोदा गया तो वहां मानव कंकाल भी बरामद हुए। तालाब में लगभग 10 कंकाल अब तक मिल चुके हैं। कंकाल मिलने पर प्रशासन ने खुदाई का काम बंद करवा दिया था।

**कंकाल दिखे**



**दोबारा काम प्रारंभ होगा**

बीडीपीओ जुलाना प्रतीक जांगड़ा ने बताया कि देवरड़ गांव में मनरेगा स्कीम के तहत तालाब की खुदाई की जा रही है। तालाब में खुदाई के दौरान कंकाल मिले हैं तो काम को रोक दिया। ग्रामीणों से बात की गई है। ग्रामीणों के अनुसार तालाब की जगह कब्रिस्तान होता था। मंगलवार से काम दोबारा शुरू किया जाएगा।



राजौंद। बरसात के बाद गली में भरा पानी का दृश्य। *फोटो :हरिभूमि*

**जल निकासी न होने से लोग परेशान**

**राजौंद।** वार्ड नंबर 9 की गली में बरसात का पानी भरने से वार्ड के लोगों को भारी मुसीबत से गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। आलम ये है कि अगर थोड़ी सी बरसात हो जाए तो सारा पानी गली के साथ-साथ लोगों के घरों में भर जाता है। जिसे लेकर लोगों ने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई जिससे लोगों में भारी रोश है। वार्ड नंबर 9 के निवासी ने बताया कि पिछले लंबे समय से गली नीची होने के कारण थोड़ी सी बरसात हो जाएं तो गली के साथ-साथ पानी घरों में घुस जाता है। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह 9 बजे हुई बरसात के बाद पूरी गली जहां पानी से भर गई वहीं कई घरों में भी पानी घुस गया। हालांकि बरसात के बाद धूप निकल आई लेकिन गली में पानी लबालब भरा रहा। उन्होंने बताया कि पानी निकासी न होने कारण उनका गली से गुजरना भी मुश्किल हो रहा है। बरसाती मौसम के चलते मच्छरों की मार भी सहने को मजबूर होना पड़ रहा है वही मौसम जनित बीमारियों भी झेलने को विवश होना पड़ा है। इन लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पानी निकासी के साथ-साथ गली का निर्माण करवाया जाए।

**जल संरक्षण अभियान के तहत टीम की दनौदा खुर्द में कार्रवाई**

# 16 अवैध कनेक्शन काटे, दस को नोटिस थमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना खंड के गांव दनौदा खुर्द में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा जल संरक्षण अभियान के तहत जिला सलाहकार रणधीर मताना, कनिष्ठ अभियंता गोविंद गोयल व बीआरसी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में अवैध कनेक्शन धारको पर शिकंजा कसने के लिए अभियान शुरू किया गया। जिसमें विभाग ने 16 अवैध कनेक्शन काटे व 10 को नोटिस दिया गया।



विभाग की कार्रवाई से लोगो में हड़कंप मच गया और अवैध कनेक्शन धारक विभाग व पुलिस कार्रवाई से डर कर खुद कनेक्शन कटवाने टीम के पास पहुंचे। जिला सलाहकार डा. रणधीर मताना व बीआरसी सुरेंद्र ने विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को पानी जरूरत के हिसाब से लेने पर जोर दिया और कहा कि अगर उपभोक्ता पानी व्यर्थ नाले में बहाता है। कनेक्शन विभाग के अनुसार नहीं मिलता है। कनेक्शन गंदे नालों से लिए हुए मिलता है तब उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। अभियान के दौरान तीन कनेक्शन जोकि सर्विस स्टेशन में, एक कनेक्शन बिजली घर में व 12 अन्य कनेक्शन जोकि अवैध रूप किए हुए थे और विभाग के अनुसार नहीं थे, उनको काटा गया। ग्रामीणों को समझाया गया कि विभाग हर घर को नल से जल तभी पहुंचाने में सफल होगा जब उपभोक्ता अपनी जिम्मेवारी समझेगा और विभाग के अनुसार पानी के कनेक्शन लेगा। विभाग के कर्मचारियों ने क्लोरीन किट से पानी में क्लोरीन की मात्रा भी जांची और लोगों को बताया गया कि विभाग पानी को साफ करके आपके घर तक पहुंचाता है, इसका सदुपयोग करें। इस अवसर पर सुपरवाइजर नवीन, प्लम्बर, फिटर, पंप आपरेटर व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

**टीम गठित करने के निर्देश**

नरवाना मंडल के कार्यकारी अभियंता गुरमीत सिंह ने कहा कि इस मंडल के अधीन सभी 106 गांव में यह अभियान जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना की अगुवाई में चलाया जाएगा। इसके लिए सभी उपमंडल अभियंता व कनिष्ठ अभियंता को प्रत्येक गांव के लिए खंड समन्वयक के नेतृत्व में टीम गठित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंच सके।

## एक करोड़ 92 लाख रुपये की राशि उपभोक्ताओं के खातें में भेजी वापस

- रुपये वापस आने के बाद उपभोक्ताओं में खुशी, बैंक प्रबंधन का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर की एसबीआई की मुख्य शाखा से एक फर्जी मेल आने के बाद एक निजी कंपनी के खाते में भेजी चार उपभोक्ताओं की एक करोड़ 92 लाख रुपये की राशि सोमवार को उनके खाते में वापस भेज दी गई। यह राशि खाते में वापस भेजे जाने के बाद उपभोक्ताओं की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। इसके बाद इन उपभोक्ताओं ने बैंक प्रबंधन का आभार जताया। उपभोक्ताओं का कहना था कि जब दो दिन पहले उनकी लाखों रुपये की राशि कटी तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई थी। इसके बाद जब वे बैंक में पहुंचे थे तो बैंक ने उन्हें विश्वास दिलाया था कि जल्द ही उनकी राशि उनके खातों में आ जाएगी। उनके पास सोमवार दोपहर के समय बैंक से फोन आया कि आप बैंक में आ जाओ, आपके पैसे वापस आपके खाते में भेज रहे हैं। वहीं, इस मामले में बैंक शाखा के प्रबंधक की शिकायत पर महाराष्ट्र की एक निजी कंपनी के खिलाफ साइबर थाना में धोखाधड़ी का केस भी दर्ज किया गया था।इस संबंध में बैंक शाखा के प्रबंधक ने जानकारी दी कि इस राशि को फ्रिज किया गया था। इसके बाद सभी उपभोक्ताओं के खाते में रुपये वापस डाल दिए थे।

# पेयजल संकट को लेकर महिलाओं का गुस्सा फूटा, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



- कलायत। जल घर परिसर में धरना पर बैठी महिलाएं।
- अधिकारियों से समय रहते समस्या को संजीदगी से लेने की अपील की

कलायत के वार्ड 8 के साथ-साथ इससे सटे अन्य इलाकों में पिछले कई दिन से गहराए पेयजल संकट को लेकर आखिरकार महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। समस्या के विरोध में महिलाओं ने सोमवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के खिलाफ साथ लगते जल घर पर धरना दिया। महिलाओं ने बताया कि पानी की भारी किल्लत बनी है। पानी की बूंद-बूंद को लोग तरस रहे हैं। सूरजमुखी, जीवनी, उषा रानी, संतोष, कविता व अन्य महिलाओं ने बताया कि रविवार सांय पेयजल किल्लत को लेकर बैठक हुई थी। इसमें विभाग को जल्द पानी की सप्लाई न देने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी गई। इंतजार के बाद भी जब नलों में पानी नहीं आया तो महिलाएं खुद जल घर में पहुंच गई। उन्होंने कहा कि सरकार हर नल में जल पहुंचाने के दावे करती है। लेकिन अधिकारी इसको लेकर कहीं न कहीं गंभीर नहीं हैं। यही वजह है कि शहर में करोड़ों रुपए की पेयजल योजना के बाद भी पानी का संकट दूर नहीं हो रहा। थोड़ी देर बाद अधिकारियों द्वारा पेयजल समस्या निवारण का आश्वासन मिलने पर महिलाएं विभाग को स्थिति सुधारने की चेतावनी देते हुए घर लौट गई। वार्ड 8 पार्षद महीपाल पंवार ने बताया कि रविवार सांय आवासीय क्षेत्र के लोगों की पेयजल समस्या को लेकर बैठक हुई थी। उस समय लोग कुछ देर के लिए पानी सप्लाई देने की मांग कर रहे थे। लेकिन सोमवार सुबह भी नलों में पानी नहीं आया। इसके चलते महिलाओं ने जल घर में प्रदर्शन करने को विवश होना पड़ा। उन्होंने अधिकारियों से समय रहते समस्या को संजीदगी से लेने की अपील की।

### कर्मी को कारण बताओ नोटिस जारी: नरेश

*कलायत जन स्वास्थ्य विभाग उप मंडल अभियंता नरेश कुमार ने बताया कि नहर में पानी न आने से यह समस्या पैदा हुई। अब नहर में पानी आ चुका है। किसी भी वार्ड में पानी की समस्या नहीं होने दी जाएगी। जबकि वार्ड आठ में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी की गैरहाजिरी दर्ज की गई। इसके साथ ही उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।*

## खबर संक्षेप



**कलायत।** कलायत के गांव पिंजुपुरा में डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मनाते कार्यकर्ता

### डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

**कलायत।** कलायत के गांव ड्रूषपजुपुरा स्थित ग्राम सचिवालय में सोमवार को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कलायत भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत ने शिरकत की। इस अवसर पर उनके साथ शिव कुमार सैनी, सरपंच राजेंद्र सिंह, रमेश कुमार, जगदीश प्रधान, बिंदर मोर, जय करण, वीरेंद्र राणा, राजेश बैद, नरसी गर्ग व संगठन के पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे। राजीव राजपूत ने डा.मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक महान राष्ट्रवादी नेता, शिक्षाविद् और विचारक थे। भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। डा. मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देकर देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया।

### आपातकाल को कभी नहीं भुलाया जा सकता

**पूंडरी।** भारतीय लोकतंत्र के सबसे काले दौर आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में सिरसा जिले से आदरणीय अशोक गुर्जर को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस गौरवपूर्ण दायित्व के लिए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी जा रही है। इस अवसर पर अशोक गुर्जर ने कहा आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह अध्याय है जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। इस विषय पर बात करने का अवसर मिलना मेरे लिए गर्व का विषय है। हम सबका कर्तव्य है कि नई पीढ़ी को उस समय की सच्चाई से अवगत कराएं, ताकि लोकतंत्र की रक्षा का भाव सदा बना रहे। भाजपा नेता देवीदयाल बरसाना ने कहा यह पूरे सिरसा जिले के लिए गर्व की बात है कि हमारे वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर जी को मंच पर प्रतिनिधित्व का अवसर मिला है। कहा उनका अनुभव, विचारशीलता और संघर्षशील छवि निश्चित रूप से मंच को और प्रभावशाली बनाएंगे।

### दो दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ

कैथल। बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण का 13वां बैच सोमवार को इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) नई दिल्ली में शुरू हुआ। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) श्री ज्ञानेश कुमार ने दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और 379 प्रतिभागियों को संबोधित किया। यह जानकारी चुनाव आयोग के एक प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इस बैच में उत्तर प्रदेश से 111, मध्य प्रदेश से 128, नागालैंड से 67, मेघालय से 66 तथा चंडीगढ़ से 7 बीएलओ शामिल रहे। पिछले तीन महीनों में नई दिल्ली में ईसीआई द्वारा 5,000 से अधिक बीएलओ/बीएलओ पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया है। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) श्री ज्ञानेश कुमार संबोधन में कहा कि किसी भी लोकतंत्र में कानून से ज्यादा पारदर्शी कुछ नहीं हो सकता और भारत में चुनाव कानून के मुताबिक होते हैं।

## मानसून के सीजन में सांपों का बिलों से बाहर निकलना लाजिमी

# सांप डसे तो किसी झाड़-फूंक या अंधविश्वास के चक्कर में न पड़ सीधा अस्पताल में जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



मानसून के महीने में सांप के बिलों से निकलने का अंदेशा अधिक रहता है। मानसून का सीजन जल्द शुरू होने वाला है, ऐसे में सांप के बिलों से बाहर आना लाजिमी है। वहीं, यदि सांप डसे तो आपको किसी झाड़-फूंक या अंधविश्वास के चक्कर में न पड़ अस्पताल में जाना चाहिए। ऐसे में सांप डंसे तो आप केवल अस्पताल में जाएं और अपना इलाज करवाएं। सांप डसने पर सिर्फ कटे स्थान पर हल्के से पट्टी बांध कर निकट के अस्पताल में जाएं व इलाज कराना चाहिए। अभी तक जिले में इस साल सांप के डसने का कोई मामला सामने नहीं आया है। पिछले साल जिले में केवल एक ही मामला सांप के डसने का सामने आया था। इसमें बुढ़ा खेड़ा गांव में एक 10 साल के बच्चे को सांप ने काट लिया था। इसके बाद उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

### सांप डसे तो न करें ये गलती

99 फीसदी लोगों को ये नहीं पता होता है कि अगर सांप डसे तो फौरन सांप के जहर को शरीर के अन्य अंगों में फैलने से रोकने के लिए उस जगह को कसकर बांध दें, ताकि खून का सर्कुलेशन न हो। कई बार लोग एक जगह नहीं, बल्कि दो-तीन जगहों पर भी रस्सी से कसकर बंध लगा देते हैं। यही सबसे बड़ी गलती है। ऐसा करने से सांप के डसने वाली जगह पर खून की आपूर्ति रुक जाती है। इसके अलावा लोग उस जगह को धारदार चीज से काट भी देते हैं और सोचते हैं कि जहर निकल रहा है। कई बार लोग मुंह से भी उस जगह के खून को खींचकर थूक देते हैं, लेकिन ये सभी चीजें गलत और जानलेवा है। इसलिए डॉक्टर के पास तुरंत जाना चाहिए व तभी जान बच सकती है।

### जिले में तीन प्रमुख प्रजातियां

जिले में सांपों की तीन प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें से किंग कोबरा, कॉमन क्रेट और रसेल वाइप हैं। **किंग कोबरा :** ये थोड़ा भारी होता है। इसके फन पर त्रिशूल जैसा निशान होता है। इसकी पहचान लगभग कोबरा जैसी होती है लेकिन ये देखने में डरावना होता है। **कॉमन क्रेट :** इसे साइलेंट किलर भी कहते हैं। यह रात के समय बाहर निकलता है और जून से अक्तूबर तक सक्रिय रहता है। ये चारपाई और बेड पर सोए व्यक्ति को ऊपर चढ़कर कान के पीछे काटता है। ये हमेशा सीधा रेंगता है। इसके डसने का दर्द नहीं होता। ऐसा लगता है मानो किसी मच्छर ने काटा हो।

### कलायत के नागरिक अस्पताल में घुसा सांप, मचा हड़कंप



**कलायत।** उप मंडल नागरिक अस्पताल में जहरिले सांपों के घुसने का सिलसिला थम नहीं रहा। रविवार देर रात्रि अस्पताल में उस समय अफरातफरी मच गई जब अचानक सांप अंदर आ घुसा। साहस का परिचय देते हुए जीएनएम शिक्षा ने मौजूदा अधिकारियों-कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद अस्पताल के कर्मियों ने अपने स्तर पर सांप को सुरक्षित ढंग से काबू करने का अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद इसे इधर-उधर से काबू किया गया। इस प्रकार की नाजुक स्थिति के लिए क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेवार ठहरा रहे हैं। उनका कहना है कि अस्पताल परिसर जंगली वनस्पति के घेरे में है। जबकि कर्मियों के आवासीय क्वाटर खंडहर में तबदील हैं। पानी निकासी की कहीं मजबूत व्यवस्था नहीं। ऐसे में अस्पताल परिसर विषैले जीवों का पराश्रय स्थल बनता जा रहा है। विभाग को हाउस रेंट के बाद भी कर्मचारियों को रहने के लिए सुरक्षित भवन नहीं मिल रहा। कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार और स्वास्थ्य विभाग से राहत प्रदान करने की मांग करते आ रहे हैं।

### सर्पदंश से ऐसे करें बचाव

- *घर में साफ-सफाई रखें, दरवाजा फर्श से मिला हो और फर्श या दीवारों में सुराख न हो।*
- *किसी कोने में सामान इकट्ठा न करें, जिससे सांप छिप न सके।*
- *अगर घर में सांप घुस जाए तो डरें नहीं, बाहर न भागें।*
- *अगर सांप छिप जाए तो दरवाजे के पास आटे से लाइन बनाएं, जिससे गुजरने पर निशान मिल सकें।*
- *अंधेरे में टॉर्च लेकर चलें, स्टोर को साफ रखें, यहां मेढक और चूहे न होंने दें।*
- *मरीज को तुरंत अस्पताल ले जाएं, जिला अस्पताल में एंटी स्नैक वेनम उपलब्ध है।*
- *डसने की जगह को नीचे रखें, ताकि ज़हर दिल तक न पहुंचे।*
- *मरीज को शांत रखें और हिलने-डुलने न दें।*
- *सांप की पहचान संभव हो तो कर लें या उसकी फोटो लें।*

### जिला नागरिक अस्पताल में दवा उपलब्ध

जिला नागरिक अस्पताल में जहरीले सांपों के डसने पर इलाज के लिए एंटी वेनम दवा उपलब्ध है। यदि सांप काट जाए तो उसकी पहचान अवश्य बताएं, ताकि उसी के अनुरूप दवा देकर जान बचाई जा सके।
**डॉ. सचिन मांडले, फारेंसिक एक्सपर्ट जिला नागरिक अस्पताल, कैथल।**

### दवा पर्याप्त मौजूद

जिले में सांप काटने के केस आते रहते हैं। स्वास्थ्य विभाग के पास लोगों को लगाने के लिए एंटी स्नेक वेनम पर्याप्त संख्या में मौजूद है, क्योंकि मानसून सीजन अब शुरू होगा ऐसे में सांप काटने के मामले भी बढ़ जाते हैं। बारिश होने पर सांप के बिलों में पानी भर जाता है और वह बाहर आकर लोगों को काटने लगते हैं। - **डा. दिनेश कंसल, प्रधान** चिकित्सा अधिकारी, जिला नागरिक अस्पताल, कैथल



**गुहला चीका।** धर्मपाल शर्मा पूजा पाठ करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

## श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

पूज्य व्यास परम पूज्य रश्मि मिश्रा ने गोकर्ण व दुन्दकारी के बारे में भगतो को सुनाया कि पुत्र कैसा होना चाहिए। दूसरे दिन की कथा में बताया कि ईश्वर सर्वज्ञ और बुद्धि अल्पज्ञ हैं। मन की दो परिस्थिति होती हैं। भय और लोभ। मन हमेशा भय से ग्रसित होता हैं। मन ही माया के बन्धन में बन्धा रहता हैं। इसलिए मन को गोबिंद के चरणों मे लगा दो। यह मुक्ति का साधन हैं। यही संदेश गोबिंद ने उतरा को दिया। जब उतरा ने अपनी और ब्रह्मास्त्र को आते देखा तो अपने गर्भ की रक्षा के लिए गोबिंद को पुकारा तब भगवान ने उतरा के गर्भ की रक्षा की । जब प्राणी सारे दुःख-सुख भगवान पर अर्पण कर देते हैं। तो भगवान स्वयं ही रक्षा करते हैं। कथा में मुख्य्यजमान निर्मल शर्मा धर्मपत्नी धर्मपाल शर्मा रोहणी दिल्ली वालो ने सहपरिवार भगतों संग अपने विचार सांझा करते बताया कि उनका परिवार माँ भवानी के मंदिर से कई वर्षो से जुड़ा हुआ है। और समय समय माँ भवानी का आशीर्वाद लेने सहपरिवार कमेटी के बुलावे पर चले आते हैं। आगे भी ऐसे पुनीत कार्यों के लिए उनका परिवार हमेशा सेवा को तैयार रहेगा। वही संस्था के प्रधान कुलदीप माजरा ने बताया कि संस्था द्वारा भगतों के लिए जो किन कारण वश कथा में नही पहुँच पा रहे उनके लिए इस बार संस्था द्वारा श्री मद्भागवत कथा को लाइव पर आप लाइव कथा श्रवण कर सकते हैं। भगतों के आपार स्नेह के चलते भागवत कथा वीरेंद्र जीएस स्टूडियो द्वारा फ्री सेवा दी जा रही है। कथा विश्राम के बाद रोजाना भोजन प्रसाद की सेवा कमेटी द्वारा की गई है। मुख्यजमान के रूप में धर्मपाल शर्मा धर्मपत्नी निर्मल शर्मा दिल्ली से सहपरिवार मां भवानी के प्रांगण में पहुंचकर के कथा श्रवण करने के साथ साथ पूरे विधि विधान के साथ पूजा पाठ कर कथा श्रवण कर रहें है। इस मौके पर राजीव शर्मा, बलबीर सैनी, कुलदीप माजरा, मोती राम गर्ग, भूषण शर्मा, हरपाल शर्मा, विक्की जांगड़ा, बलकार पासी, कृष्ण धीमान, राजपाल राविश, प्रवीण गर्ग, सुभाष पाधा, गुरदीप ढांडा, संजय बंसल, दीपक सिंगला, गुरमीत सिडा, राममेहर, संजीव भार्गव आदि मौजूद रहे ।

# नियमित योग करने का आह्वान

- फरल श्री कबीर मंदिर से पहुंचे सैंकड़ों बच्चे कुरुक्षेत्र कार्यक्रम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



फरल में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेते साध्वी स्नेहदास व ग्रामीण।

गांव फरल स्थित श्री कबीर मंदिर फल्गु तीर्थ पर एक विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें खासकर बच्चों को जीवन निर्माण हेतु प्रेरणादायक शिक्षाएं दी जा रही हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अच्छे संस्कार, योगाभ्यास और संतवाणी के माध्यम से जीवन के मूल्यों की समझ विकसित करना है। कार्यक्रम में बच्चों को न केवल आध्यात्मिक दिशा में मार्गदर्शन दिया जा रहा है, बल्कि उन्हें जीवन में योग और अनुशासन को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महंत सुनिलदास संगठन महामंत्री और साध्वी स्नेहदास संगठन सचिव के नेतृत्व में फरल से दो बसों और पांच निजी वाहनों के माध्यम से सैंकड़ों बच्चों को कुरुक्षेत्र ले जाया गया, जहां उन्होंने योग शिविर में भाग लिया।इस आयोजन से पूर्व सभी बच्चों को ष्टदर्शन साधु समाज, कुरुक्षेत्र के अवधूत आश्रम, पेहवा रोड कार्यालय में एकत्रित किया गया, जहां से सभी ने मिलकर योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया।



### पांच मामलों में आठ आरोपितों को काबू करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

**कैथल।** एक माह दौरान नशा तस्करों पर शिकंजा कसकर 5 मामलों में 8 आरोपियों को काबू कर बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ जब्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल करने के लिए एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पुलिस टीम को एसपी आस्था मोदी ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालो में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार, एसआई शुभकरण, एसआई जयभगवान, एएसआई जसमेर सिंह, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई मनोज कुमार, महिला एचसी सुदेश, एचसी सुनील, एचसी अनिल, एचसी ईशम सिंह, एचसी लखविंद्र, ड्राइवर एचसी संदीप, सिपाही कैलाश, एसपीओ राजेश, अमित, एचसी ईशम सिंह, होमगार्ड विकास व मनोज कुमार शामिल रहे। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने जानकारी देते हुए बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की उक्त पुलिस टीम द्वारा गत एक माह दौरान नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए 21 मई को 2 आरोपियों को 1 किलो 30 ग्राम चरस सहित, 8 जून को एक आरोपी को 2 किलो 608 ग्राम अफीम सहित, 15 जून को 2 आरोपियों को 511 ग्राम गांजा सहित, 18 जून को एक आरोपी को 863 ग्राम चरस सहित तथा 21 जून को काकौत से 1 किलो 313 ग्राम अफीम सहित 2 आरोपियों को काबू किया गया।

# शिक्षक प्रशिक्षण का किया आयोजन

- किशोर शिक्षा कार्यक्रम व राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा विषयों पर आधारित रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी




**पूंडरी।** ध्रुव स्कूल फतेहपुर में टीचरों को प्रशिक्षण देती ट्रेनर पूजा शर्मा।

ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तहत दो दिवसीय इन-हाउस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण किशोर शिक्षा कार्यक्रम एडोलेसेंट एजुकेशन प्रोग्राम तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक विषयों पर आधारित रहा।प्रशिक्षण सत्र का संचालन पूजा शर्मा टीओटी कुरुक्षेत्र द्वारा किया गया। उन्होंने शिक्षकों को किशोरावस्था की चुनौतियों, उनके समाधान, नैतिक मूल्यों की शिक्षा और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बदलते पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रवीन ढिल्लों ने प्रशिक्षण सत्र की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञानवर्धन और पेशेवर दक्षता को बढ़ाते हैं। उन्होंने पूजा शर्मा का आभार प्रकट करते हुए विद्यालय के समस्त शिक्षकों को आयोजन की सफलता हेतु बधाई दी।विद्यालय स्टाफ ने प्रशिक्षण सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### डेढ़ सौ वर्ष पुरानी बस्ती को गैरकानूनी बता उजाड़ने की कोशिश, लगाई गुहार

**जींद।** गांव भैरवखेड़ा एससी समाज के लोग सोमवार को एसपी कुलदीप सिंह से मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग डेढ़ सौ वर्ष पुरानी बस्ती को गैरकानूनी बता कर उजाडने की कोशिश कर रहे हैं। जिसके कारण लोगों में रोष है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। गांव भैरवखेड़ा निवासी सतनारायण, सुनील, बलवान, मनफूल समेत अन्य लोगों ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि गांव में एससी समाज के लगभग 300 घर हैं, जो लगभग डेढ़ सौ साल से आबाद हैं। गांव कुछ लोग एससी बस्ती के मकानों को गैर कानूनी बता रहे हैं और उन्हें तोडने की कोशिश कर रहे है। जिसकी राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर मनघडंत निशानदेही करवाए हुए हैं। जिसके आधार पर जेसीबी लेकर मकान तोडने पहुंच रहे हैं। बस्ती के लोगों के विरोध के कारण बस्ती को उजडने बचा लिया। बावजूद कुछ लोग फिर से उन्हें परेशान कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि एसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। एसपी ने लोगों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जाएगी।

## मानसून से पहले बाढ़ बचाव प्रबंधन को लेकर तेजी से किया जा रहा कार्य

# एसडीएम ने सरोला व खंबेहड़ा घग्गर सायफन का किया निरीक्षण, संभावित बाढ़ बचाव के लिए प्रबंधो की समीक्षा

**घग्गर साईफन सरोला पर 25 लाख से कार्य किया जा रहा**

हरिभूमि न्यूज. गुहला-चीका

- सरोला व खंबेहड़ा घग्गर साईफन पर चल रहे कार्य व भविष्य की रणनीति पर विचार विमर्श किया



कैथल। एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह व समाना की एसडीएम रिचा गोयल घग्गर साईफन का निरीक्षण करते हुए

एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह व समाना (पटियाला) की एसडीएम रिचा गोयल ने सोमवार को संयुक्त रूप से सरोला व खंबेहड़ा घग्गर सायफन का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संभावित बाढ़ बचाव के दृष्टिगत किए जा रहे प्रबंधो की समीक्षा की। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि प्रशासन द्वारा मानसून से पहले बाढ़ बचाव प्रबंधन को लेकर तेजी से कार्य किया जा रहा है। संबंधित विभाग द्वारा घग्गर की साफ-सफाई सही से हो इसकी पूरी निगरानी की जा रही है। गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह व समाना (पटियाला) की एसडीएम रीचा गोयल ने सरोला व खंबेहड़ा घग्गर साईफन पर चल रहे कार्य व भविष्य की रणनीति पर विचार विमर्श किया। सिंचाई विभाग के एसडीओ अजमेर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि घग्गर साईफन सरोला पर लगभग 25 लाख रुपये की धनराशि से कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। इसकी साफ-सफाई का कार्य पिछले साल भी किया गया था। बाढ़ की स्थिति में इस साईफन की साफ-सफाई होना बहुत जरूरी है। यदि यहां से समुचित पानी निकलता है तो घग्गर पार से लगते पंजाब व हरियाणा के 42 गांव बाढ़ के प्रकोप से बच जाएंगे। इस मौके पर एसडीओ गुलशन कुमार (समाना), सतीश, विक्रांत सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रताड़ना के आरोप में शिकायत दर्ज

**कैथल**। महिला पुलिस कैथल ने दहेज प्रताड़ना का एक मामला दर्ज किया है। चंदाना गेट कैथल की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व गुरुग्राम के गुलशन के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी। शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा उसके साथ मारपीट करते थे।

### सड़क हादसे में व्यक्ति घायल

**कैथल**। कस्बा राजौंद में बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव सिरसी के प्रदीप ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 जून को जब अमरजीत कस्बा राजौंद से गुजर रहा था तो अज्ञात बाइक चालक ने बाइक को तेज गति से चलते उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया।

### गांव हजवाना में तालाब का पानी आवरफ्लो

**राजौंद**। गांव हजवाना में तालाब का पानी आवरफ्लो होकर गलियों व लोगों के घरों में घुस रहा है। जिसे लेकर लोगों ने रोष प्रकट किया है। इस बारे ग्रामीणों ने बताया कि तालाब का पानी एक तो पूरी तरह सड़ चुका है पानी निकासी का कोई व्यवस्था नहीं है जिससे तालाब का पानी आवरफ्लो होकर उनके घरों व गलियों में घुस रहा है।

### बीमार मां को खाना देने जा रहे युवक पर हमला

**कैथल**। शहर के शक्ति नगर में अस्पताल में अपनी बीमार मां को खाना देने जा रहे युवक पर 10 से 12 युवकों ने मिलकर तलवार व गंडासियों से हमला कर दिया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में शहर थाना की पुलिस ने छह नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लाठी और डंडों से मारपीट किया घायल

**कैथल**। शहर थाना पुलिस ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। शक्ति नगर के प्रदीप ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 जून को शक्ति नगर के खेड़ा के पास साहिल, खुशी, सोनू, हर्ष, समीर, सक्कू व अन्य ने मिलकर उसे पर लाठी और डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### कार व दूध की पिकअप गाड़ी में जोरदार टककर

**राजौंद**। खंड मुख्यालय के गांव नरवल से गुजरने वाली माइनर के निकट एक कार व दूध की पिकअप गाड़ी में जोरदार टककर हो गईं। जिसमें दोनों गाड़ियों के चालकों को कोई चोट नहीं आई। जबकि दोनों गाडियों में नुकसान काफी हुआ दिखाई दें रहा था। जानकारी के अनुसार कसान निवासी अनिल कुमार पिक चालक राजौंद से अपने गांव कसान की तरफ जा रहा था जबकि राहुल अपनी कार से राजौंद आ रहा था। किसी कारण वश दोनों की टककर हो गईं और दोनों चालक बाल बाल बच गए। जबकि दोनों गाड़यों मे काफी नुकसान हुआ है। हादसे को लेकर दोनों वाहन चालकों ने आपस मे बात कर पुलिस को सुचना देकर एफ आई आर करवाने की अपेक्षा वाहनों को ठीक करवाने मे सहमति बन गईं।

---

आईटीआई में एडमिशन को लेकर मेरिट लिस्ट शेड्यूल जारी

# आईटीआई में दाखिले को लेकर तीन को होगी पहली मेरिट लिस्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। दाखिले के लिए आवेदन करते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि

- मेरिट लिस्ट में जगह पाने वाले विद्यार्थियों की होगी फिजिकल वेरिफिकेशन
- नौ राजकीय आईटीआई में 2928 और 16 निजी आईटीआई में 2556 सीटें शामिल हैं। वहीं जींद की राजकीय आईटीआई में लगभग पांच हजार आवेदन आए

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिले को लेकर कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट का शेड्यूल जारी किया गया है। तीन जुलाई को आईटीआई में दाखिले को लेकर पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। मेरिट लिस्ट में जगह पाने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच आईटीआई में फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर होगी और विद्यार्थी आठ जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगे। इसके बाद दूसरे राउंड के लिए नौ जुलाई को खाली सीटों की सूची जारी होगी। पोर्टल खुलने के बाद नौ से दस जुलाई तक विद्यार्थी ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। 11 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 11, 12 और 14 जुलाई को आईटीआई में आकर फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 15 जुलाई तक विद्यार्थी फीस भर सकेंगे। इसके बाद तीसरे राउंड के लिए खाली सीटों की सूची जारी होगी। 16 जुलाई से 19 जुलाई तक दोबारा से विभाग द्वारा पोर्टल खोला जाएगा। जिसमें विद्यार्थी अपने ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। इसके बाद 22 जुलाई को तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम तीसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 26 जुलाई तक आईटीआई में आकर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 27 जुलाई तक विद्यार्थियों के पास फीस भरने का समय रहेगा। अभी विद्यार्थियों द्वारा दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। 27 जून तक विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद मेरिट लिस्ट जारी होगी।

### 25 आईटीआई में 5484 सीटें

जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5484 सीटें हैं। इनमें नौ राजकीय आईटीआई में 2928 और 16 निजी आईटीआई में 2556 सीटें शामिल हैं। वहीं जींद की राजकीय आईटीआई में लगभग पांच हजार आवेदन आए हैं। इस बार इलेक्ट्रीशियन ट्रेड छात्रों की पहली पसंद बनी हुई। वहीं दूसरे नंबर पर कंप्यूटर ऑपरेटर (कोपा) और फिर वायरमैन ट्रेड में विद्यार्थी ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं। इस बार आईटीआई में दाखिले के लिए छात्र इसलिए भी आवेदन कर रहे हैं कि अग्निवीर योजना में जहां आईटीआई पास युवाओं को पांच नंबर की अतिरिक्त वेटेज दी जा रही है। इसके अलावा सेना, रेलवे में समय-समय पर भर्तियां निकाली जाती हैंए जिनमें आईटीआई कोर्स को प्राथमिकता दी जाती है।

### जींद की आईटीआई में आए 6600 आवेदन

छह जून से जारी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान अब तक जींद की राजकीय आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 6600 आवेदन आ चुके हैं। हिसार की राजकीय आईटीआई 8060 आवेदन के साथ पहले नंबर पर है। इसके बाद कैथल की राजकीय आईटीआई 7025 आवेदन के साथ दूसरे स्थान, यमुनानगर की राजकीय आईटीआई 6681 आवेदनों के साथ तीसरे और जींद की राजकीय आईटीआई 6600 आवेदनों के साथ चौथे नंबर पर है। इसके बाद भिवानी की राजकीय आईटीआई 5980 आवेदनों के साथ पांचवें नंबर पर है। इस बार इलेक्ट्रीशियन ट्रेड छात्रों की पहली पसंद बनी हुई।

### दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी

आईटीआई जींद के प्रचार्य नरेश ने बताया कि अभी दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चली हुई है। विद्यार्थी 27 जून तक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आईटीआई में दाखिले को लेकर कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट का शेड्यूल जारी किया गया है। तीन जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिसमें नाम आने वाले विद्यार्थी आठ जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकते हैं।

---



जींद। शिकायतों का समाधान करते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

# जन शिकायतों के निवारण का प्रभावी माध्यम समाधान शिविर

- अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान की लिए चलाए जा रहे समाधान शिविर जनसेवा की दिशा में एक सशक्त पहल बनते जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने विभिन्न गांवों व शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। शिविर में कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें प्रमुख रूप से सीवरेज, बिजली, गंदे पानी की निकासी, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा, शराब ठेका, गली नाली सफाई से संबंधित मुद्दे सामने आए। रेलवे स्टेशन के समीप स्थित आनंद पर्वत कॉलोनी के निवासियों ने क्षेत्र में सीवरेज ब्लॉक होने की शिकायत करते हुए बताया कि इससे जलभराव, दुर्गंध और अस्वच्छता की स्थिति बनी हुई है। इस पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने जनस्वास्थ्य विभाग को तुरंत आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। गांव करेला के निवासी रामचंद्र ने अपना बीपीएल राशन कार्ड पुनः जारी करवाने की मांग की। रामलीला ग्राउंड की निवासी सुषमा ने गली में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने का मुद्दा उठाया। गांव दिल्लूवाला से आए नरेश ने गंदे नाले की समय पर सफाई न होने से हो रही परेशानी से अवगत कराया। इसी प्रकार गांव धनखेड़ी के ग्रामवासियों ने शराब के ठेके का घरों के समीप स्थित होने के कारण उत्पन्न सामाजिक व पारिवारिक समस्याओं को उजागर करते हुए ठेका रिहायशी क्षेत्र से कम से कम 1000 मीटर दूर स्थानांतरित करने की मांग रखी। गांव कर्मगढ़ से आए ग्रामीणों ने बिजली के पोल के क्षतिग्रस्त होने की शिकायत की तथा बताया। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने बिजली विभाग के अधिकारियों को तत्काल प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

# अमेरिका तुरंत अपना हमला बंद करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड




ढांड। कस्बा ढांड में नारेबाजी करते कम्यूनिस्ट। फोटो :हरिभूमि

ईरान पर अमेरिका द्वारा किए जा रहे सैन्य हमले के विरोध में आज ढांड कस्बे में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन पार्टी दफ्तर के पास आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व पार्टी के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने किया। प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते कामरेड राजकुमार सारसा ने कहा कि, "हम ईरान पर अमेरिकी साम्राज्यवाद द्वारा किए गए बर्बर सैन्य हमले की कड़ी निंदा करते हैं। इस हमले में अंतर्राष्ट्रीय मानकों और परमाणु ऊर्जा एजेंसी की चेतावनियों को नजरअंदाज किया गया है, जो पूरी मानवता और विश्व शांति पर सीधा हमला है।" उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका ने पहले इजरायल को गाज़ा में नरसंहार के लिए उकसाया और अब ईरान पर सीधा हमला कर क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन ईरानी जनता के बहादुराना प्रतिरोध ने इन साजिशों को नाकाम किया है। एसयूसीआई नेताओं ने मांग की कि अमेरिका तुरंत अपना हमला बंद करे और ईरान की संप्रभुता का सम्मान करे। साथ ही उन्होंने विश्व समुदाय और शांतिप्रिय नागरिकों से अपील की कि वे एकजुट होकर अमेरिकी साम्राज्यवाद के खिलाफ आवाज उठाएं।

---

# साध्वी और ढाकल गांव के बीच चले रहे विवाद का पटाक्षेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना। बैठक के बाद जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

नरवाना के ढाकल गांव में साध्वी कंचन नाथ ने पिछले दिनों 31 दिनों का तप किया था जो सोशल मीडिया में काफी वायरल हुआ सोशल मीडिया में इसको काफी वायरल किया और फिर तप के 31वे दिन ढाकल गांव में एक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें रोहतास प्रेमी के अनुसार लगभग 15000 लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

उसके बाद शुरू हुआ सोशल मीडिया में में दोनों पक्षों में वाद.विवाद का सिलसिला जिससे एक तरफ साध्वी कंचन नाथ की गुरु राजनाथ और दूसरी और थे गांव के सरपंच अनिल कुंडु दोनों तरफ के आरोप प्रत्यारोप सोशल मीडिया द्वारा बढ़ चढ़कर के वायरल किए गए जिससे गांव और साध्वी राजनाथ दोनों ही एक तरह से बदनाम हुए इस बात को देखते गांव के मौजिज लोगों ने जिनमें मुख्यतया अमित ढाकल व रोहतास प्रेमी शामिल हैं उन्होंने साध्वी राजनाथ और ढाकल के सरपंच अनिल कुंडु को उनके घर पर इक्कठा किया और इस मामले पर विराम लगाने का काम किया दोनों पक्षों ने अपनी अपनी तरफ से पंचायत में माफी मांगी और उनके बीच में जो मनमुटाव हो गया था उसको दूर किया और जो सोशल मीडिया द्वारा इस विवाद को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा था उसका पटाक्षेप हो गया। इसके कारण से गांव में दिन भर दिन गांव का माहौल खराब होता जा रहा था जिससे कोई भी अनहोनी घटना होने का भय भी सता रहा था जिस प्रकार से सोशल मीडिया इसको तूल दे रहा था कभी साध्वी राजनाथ का ब्यान कभी अनिल कुंडु सरपंच का ब्यान कभी गांव के युवाओं के ब्यान को चटखारे लेकर दिखाया जा रहा था जो बिल्कुल सही नहीं था ये पंचायत बुलाने का निर्णय गांव के प्रबुद्ध लोगों का बिल्कुल सही फैसला था।

---



# नगूरां बाजार में दस लाख की लागत से लगी स्ट्रीट लाइट ने बदली सूरत

**अलेवा**। नगूरां बाजार में पंचायत द्वारा करीब 10 लाख उरुपये की लागत से स्ट्रीट लाइट लगाने से पूरा बाजार रोशनमय हो गया है। बाजार में लाइट लगने से रात से समय बाजार की सूरत बदली-बदली दिखाई दे रही है। रात के समय अब लोग बाजार की सड़क पर बेफ्रिक होकर टहल रहे हैं। नगूरां निवासी विकास, जोगिंद्र, काला, मनोज, हवा सिंह, सत्यवान, भोला, महाबीर आदि ने बताया कि पहले बाजार में लाइट नहीं लगने से अंधेरे में बाहर निकलना मुश्किल होता था। अब रोशनी के कारण सुरक्षा बढी है। बच्चे और बुजुर्ग अब बिना किसी डर के बाजार में रात के समय आ-जा सकते हैं। नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने बताया कि यह कार्य जनता की सुविधा के लिए किया गया है। स्ट्रीट लाइट से बाजार में नई उर्जा का संचार हुआ है। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि बाजार में लगी लाइटों पर करीब 10 लाख रू पये की लागत आई है। आगे भी उनका लक्ष्य गांव तथा मोहल्ले को रोशन करना है। वे आगे भी विकास कार्य जारी रखेगें। जिससे लोगों को बेहतर सुविधा मिले।

---

# नागरिक अस्पताल को मिले एक हजार एंटी रेबीज वॉयल

- अस्पताल में इंजेक्शन खत्म होने से हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नागरिक अस्पताल में ओपीडी स्लिप के लिए लगी भीड़। फोटो :हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल को एक हजार एंटी रेबीज इंजेक्शन का स्टॉक (वॉयल) उपलब्ध हो गया है। एक वॉयल से पांच डॉज लगाई जा सकती हैं। अस्पताल के पास एंटी रेबीज इंजेक्शन नही होने के चलते मरीजों को बाहर निजी अस्पतालों में महंगे दामों पर इंजेक्शन लगवाना पड़ रहा था। सोमवार को जैसे ही स्वास्थ्य विभाग को इंजेक्शन उपलब्ध हुए तो मरीजों को लगाने का काम शुरू किया गया। जिस पर लोगों ने राहत की सांस ली है। नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 50 से 60 लोगों को एंटी रेबीज के इंजेक्शन की जरूरत पड़ती है। इसके लिए बीपीएल परिवारों को सरकारी अस्पताल में मुफ्त में इंजेक्शन लगाए जाते हैं जबकि सामान्य वर्ग के लोगों को 100 रुपये देने पड़ते हैं। यह कोर्स पांच इंजेक्शन का होता है। तिथि अनुसार मरीज को इंजेक्शन लगवाने के लिए बुलाया जाता है। वहीं बाहर यह इंजेक्शन 400 से 500 रुपये में लगाया जाता है। पिछले सप्ताह नागरिक अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन खत्म हो गए थे और लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा था। जिससे लोग मजबूरन कैमिस्ट की दुकानों से 400 रुपये में इंजेक्शन लाकर या फिर निजी अस्पतालों में इंजैक्शन लगवा रहे थे। स्वास्थ्य विभाग ने इसे लेकर अधिकारियों व कैथल वेयर हाउस को जानकारी उपलब्ध करवा दी थी।

### एक हजार वॉयल की मिली खेप

*नागरिक अस्पताल प्रशासन को एंटी रैबिज इंजेक्शन कैथल में स्थित वेयर हाउस से मिले हैं। इसके अलावा अस्पताल में आने वाली दवाएं भी कैथल वेयर हाउस से ही आती हैं। इंजेक्शन के लिए वेयर हाउस में डिमांड दी गई थी। वहां से नागरिक अस्पताल को एक हजार वॉयल मिली हैं। इंजेक्शन उपलब्ध होने पर ही नागरिक अस्पताल में लोगों को इंजेक्शन लगाने काम किया गया।*

### बंदर व कुत्तों को काटे लोगों को लगाए इंजेक्शन

*नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि एक हजार एंटी रेबीज इंजेक्शन की खेप सोमवार को स्वास्थ्य विभाग को मिल गई है। जिस पर तुरंत प्रभाव से लोगों इंजेक्शन लगाने का काम किया गया है। फिलहाल विभाग के अढाई माह का स्टॉक है। एंटी रैबिज इंजेक्शन की डिमांड समयानुसार की जाती रहेगी।*

---

### उमस ने किया लोगों का जीना मुहाल

**कैथल**। सोमवार को दिनभर मौसम बदलने और उमस भरी गर्मी से लोगों का बुरा हाल रहा। कभी धूप निकली तो कभी आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग ने 22 जून को बारिश की संभावना जताई थी, लेकिन बादल बिना बरसे ही आगे निकल गए। अब दो दिन यानी 25 जून से मौसम विभाग ने मानसून आने की संभावना जताई है। सोमवार को हवा में नमी का स्तर 38 से 69 प्रतिशत तक रहा। अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि प्रदूषण से पूरी तरह राहत रही। एक्यूआई हरे रंग में महज 58 दर्ज किया गया। अब 24 से 27 जून तक बादल छाए रहने की सभांवना है। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार स्थितियां अनुकूल बनी हुई है। कभी भी मानसून यहां पहुंच सकता है। जहां पिछले हफ्ते हुई बारिश के बाद तापमान में कुछ कमी देखने को मिल रही हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### कौलेखां के राजकीय स्कूल में लगाए पौधे

**कलायत**। कौलेखां में राजकीय माध्यमिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधा रोपण किया गया। इसकी अगुवाई संस्कृत विषय शिक्षक सुशील कुमार ने की। उनके साथ स्कूली बच्चे उत्साह एवं उमंग के साथ मौजूद रहे। सुशील कुमार ने कहा कि पेड़-पौधें पर्यावरण के आभूषण है। इसलिए हरी के प्रदेश हरियाणा में हमेशा से हरी-भरी हरियाली का संदेश दिया जाता रहा है। उन्होंने सभी से वृक्षारोपण महाअभियान का हिस्सा बनकर हरियाली को बढ़ावा देने की अपील की। इस मिशन से पर्यावरण में सुधार होगा वहीं आक्सीजन जैसे संकटों से मुक्ति मिलेगी। आज पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ी समस्या है। इसका रास्ता केवल और केवल शुद्ध पर्यावरण से होकर निकलता है।

---

**कार्यक्रम** बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा

# बच्चों को डायरिया से बचाने के लिए 31 जुलाई तक चलेगा अभियान

- घरों में ओआरएस घोल और जिंक टेबलेट की निर्धारित मात्रा की जाएगी वितरित
- 28 जून तक मनाया जाएगा स्पेशल इम्यूनाइजेशन वीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। बैठक में भाग लेते हुए स्वास्थ्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

डायरिया जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्टॉप डायरिया अभियान आगामी 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। इस संबंध में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित एडीसी कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला टास्क फोर्स की बैठक अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को परस्पर समन्वय से अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए तथा आमजन से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर अपने बच्चों को डायरिया जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखें। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। प्रत्येक हैल्थ सब सेंटर पर ओआरएस जिंक कॉर्नर स्थापित होंगे जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. संदीप लोहान ने बताया कि यह विशेष अभियान 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में डायरिया की रोकथाम और जन जागरूकता के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इस दौरान ऐसे सभी घरों में ओआरएस घोल और जिंक टेबलेट की निर्धारित मात्रा वितरित की जाएगी।

### जिले में कुल 1,34,392 बच्चों को किया जाएगा कवर

जिले में कुल 1,34,392 बच्चों को इस अभियान के तहत कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके सफल संचालन के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्टाफ नर्स व आशा वर्कर्स को प्रशिक्षित किया गया है। जिले भर के गवर्नमेंट डीएच, एसडीएच, सीएचसी, पीएचसी, सब सेंटर और वीएचसी में कुल 233 ओआरटी सेंटर स्थापित किए गए हैं। इस दौरान स्कूलों में विशेष हैंडवॉशिंग गतिविधियां करवाई जाएंगी। साथ ही ईंट भट्टे, स्लम बस्तियों और निर्माण स्थलों जैसे हाई रिस्क एरिया में विशेष मोबाइल हेल्थ टीमों के माध्यम से व्यापक कवरेज सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही 28 जून तक स्पेशल इम्यूनाइजेशन वीक भी मनाया जा रहा है। जिसके तहत 0 से 5 वर्ष तक की आयु के लेफ्ट आउट व ड्रॉपआउट बच्चों को चिन्हित कर उनका टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान 910 टारगेट बच्चों को कवर करने के लिए 184 सत्रों का आयोजन किया जाएगा।